Title: Re: Compensation to farmers in Bhilwara Parliamentary Constituency for loss of crops due to untimely rain and hailstorm.

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा): मेरे लोकसभा क्षेत्र भीलवाड़ा सहित पूरे राजस्थान में बे मौसम बरसात से फसलों को भारी नुकसान हुआ है । मार्च महीने में जब फसल तैयार होने का समय था तब मार्च माह में 10 से 12 दिन तक ओलावृष्टि एवं भारी बारिश से पहले तो खड़ी फसल को नुकसान हुआ और बाद में तैयार फसल जो खेत में पड़ी थी वो नष्ट हो गई । राज्य सरकार ने समय समय पर तत्काल गिरदावरी के आदेश तो दिये परन्तु किसानों को राहत के नाम पर कुछ नही मिला । किसानो में भारी निराशा व्याप्त है एवं गांवो में अवसाद की स्थिति देखी गई है । किसानों को तत्काल राहत दिया जाना आवश्यक है ताकि उनको सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जा सके । मेरा आपदा राहत मंत्री महोदय एवं कृषि मंत्री महोदय से आग्रह है कि राज्य सरकार को इस सम्बन्ध में निर्देशित करे तथा आवश्यक हो तो भारत सरकार का प्रतिनिधि मंडल भिजवा कर बे मौसम हुई बरसात व ओलावृष्टि से खराब हुई फसलो का किसानो को मुआवजा दिलवाये ।